हिन्दी

(दूर्वा)(पाठ 15)(निर्मला गर्ग – फ़र्श पर)
(कक्षा 8)

प्रश्न अभ्यास

1. पाठ से

प्रश्न कः

कविता में फ़र्श पर कौन–कौन और क्या–क्या करते हैं?

उत्तर कः

कविता में सूरज धूप बिखेर देता है, चिड़िया तिनके बिखेर देती है मुन्ना दूध की कटोरी उलट देता है, हवा धूल बिखेर देती है, मॉ दाल चावल के दाने बिखेर देती है पापा जूते बिखेर देते हैं।

प्रश्न खः

फ़र्श पर सभी के द्वारा कुछ न कुछ काम करने की बात कविता में हुई है, मगर महरी के काम को ही कविता लिखना क्यों कहा गया है?

उत्तर खः

महरी फर्श पर झाड़ू–पोंछा लगाती है वह पूरे घर को साफ करती है । उसके द्वारा फर्श पर पोंछा लगाते समय कुछ लाइनें छूट जाती है जिन्हें देख कर कवि कल्पना करता है मानो महरी फर्श पर कविता लिख रही हो।

2. तुम्हारी बात

प्रश्न कः

तुम अगर मुन्ना की जगह रहो तो क्या करोगे और क्यों ?

उत्तर कः

कविता में मुन्ना एक छोटा सा बच्चा है वह बाल सुलभ शरारतें करता हैं । हम भी अगर उसकी जगह होंगे तो हम भी वैसे ही व्हवहार करेंगे।

प्रश्न खः

मम्मी और महरी के काम में तुम्हें जो कुछ समानता और असमानता नजर आती है, उसे अपने ढंग से बताओ।

उत्तर खः

मम्मी चावल साफ कर रही हैं मगर उससे चावल तो साफ हो रहं है लेकिन उससे फर्श गन्दा हो रहा है मगर महरी फर्श को साफ करके उस गंदगी को भी साफ कर रही है दोनों ही अपने –अपने तरीके से सफाई कर रहे हैं।

प्रश्न गः

तुम कविता में सभी को कुछ न कुछ करते हुए पाते हो। उसमें से तुम्हें किसका काम सबसे ज्यादा पसंद है और क्यों?

उत्तर गः

कविता में सभी कुछ न कुछ कार्य कर रहे हैं मगर उनके कार्यों से घर फैल रहा है लेकिन महरी उन सभी की गंदगी को साफ करके घर को साफ कर रही है इसलिए महरी का काम सबसे ज्यादा पसंद है।

प्रश्न घः

तुम अपने घर को साफ रखने के लिए क्या–क्या करते हो ? उन कामों की सूची बनाओ और उसके सामने यह भी लिखो कि तुम वह काम कब–कब करते हो।

उत्तर घः

बच्चे अपने अनुसार अपने द्वारा घर की सफाई के लिए किए गए कामों की सूची बनाकर कक्षा में प्रस्तुत करेंगे।